पंजाब केसरी 15/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर हुआ वैबीनार

वैबीनार में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 14 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में करियर एंड गाइडैंस सैल और इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज पुणे के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रणनीति एवं योजना तैयार करने के विषय पर वैबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन ललित कुमार एवं सिद्धार्थ दैश ने बेहद ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को प्रभावी अध्ययन तकनीक, समय प्रबंधन कौशल और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस वैबीनार के माध्यम से हम आशा करते हैं कि छात्रों को करियर संबंधित सही जानकारी मिलेगी और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक डा. के.के. पूनिया ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनथक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

वैबीनार की सहसंयोजक डा. नेहा अग्रवाल ने बताया कि इस वैबीनार के लिए 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम में करियर एवं गाइडैंस सैल कमेटी के सदस्य डा. अनुराधा और उपेंद्र कौर आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया।